# बजट सत्र–2022 के समापन अवसर पर
# माननीय विधानसभा अध्यक्ष महोदय का उद्‌बोधन

**मंगलवार, 22 मार्च 2022**

छत्तीसगढ़ की **पंचम विधानसभा** के **तेरहवें सत्र** का आज अंतिम दिवस है। यह बजट सत्र **7 मार्च 2022** से **25 मार्च 2022** तक आहूत था किन्तु आज सत्र का अवसान हो रहा है। विगत 5 से 6 सत्र कोविड–19 के संक्रमण के प्रभाव से प्रभावित रहा। परन्तु यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारा यह **बजट सत्र कोविड संक्रमण** प्रभाव से लगभग मुक्त रहा। ईश्वर से कामना है कि इस स्थिति में और भी सुधार आये। हमारा प्रदेश और देश स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल बना रहे।

इस **बजट सत्र** की अवधि अपेक्षाकृत छोटी रही, परन्तु सभी माननीय सदस्यों ने उपलब्ध सीमित समय का अधिकाधिक सदुपयोग किया और राज्य की समग्र उन्नति से सम्बद्ध प्रत्येक विषयों पर व्यापक और विस्तृत चर्चा हुई ।

अब मैं आपको इस बजट सत्र में सम्पादित कार्यों के बारे में संक्षेप में सांख्यिकीय आंकड़ों से अवगत कराना चाहूँगा। इस सत्र की कुल 10 बैठकों में लगभग 72 घंटे 30 मिनट चर्चा हुई। 109 प्रश्नों पर सभा में अनुपूरक प्रश्न पूछे गए जिनके उत्तर शासन द्वारा दिए गए। इस प्रकार प्रति दिन प्रश्नों का औसत लगभग 12 प्रश्नों का रहा। इस सत्र में तारांकित प्रश्नों की 854 एवं अतारांकित प्रश्नों की 828, इस प्रकार कुल 1682 प्रश्नों की सूचनाएँ प्राप्त हुई। इस सत्र में ध्यानाकर्षण की कुल 439 सूचनाएं प्राप्त हुई, जिसमें 145 सूचनाएं ग्राह्य हुईं और 69 सूचनायें

शून्यकाल में परिवर्तित की गई । इस सत्र में स्थगन की कुल 94 सूचनाएं प्राप्त हुई। जिसमें से एक विषय से संबंधित 15 सूचनाओं को सदन में पढ़ने एवं शासन का वक्तव्य सुनने के पश्चात अग्राह्य किया गया तथा एक विषय से संबंधित 2 सूचनायें शून्यकाल में परिवर्तित की गई। शून्यकाल की 126 सूचनाएँ प्राप्त हुईं जिसमें 80 सूचनाएं ग्राह्य और 46 सूचनाएं अग्राह्य रही तथा वर्तमान सत्र में 144 याचिकायें माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिनमें 66 ग्राह्य व 78 अग्राह्य रही। 11 अशासकीय संकल्प माननीय सदस्यों द्वारा दिये गये, जिनमें 6 संकल्प ग्राह्य हुए तथा 4 संकल्प पर चर्चा हुई एवं 2 व्यपगत हुई । इस सत्र में विनियोग विधेयक सहित 4 विधेयकों की सूचनाएं प्राप्त हुई और चारों विधेयकों पर चर्चा हुई तथा पारित हुए।

वित्तीय कार्यों के अन्तर्गत तृतीय अनुपूरक अनुमान पर 36 मिनट चर्चा हुई । वर्ष 2022–23 के आय–व्ययक की सामान्य चर्चा पर 8 घंटे 2 मिनट चर्चा हुई तथा विनियोग विधेयक पर 3 घंटे 52 मिनट चर्चा हुई।

जैसा कि आप सभी को विदित है इस सत्र से विधान सभा सचिवालय ने प्रश्नों की सूचनाएं ऑनलाइन लेने, उनके उत्तर ऑनलाइन ही प्राप्त करने तथा प्रश्नोत्तरी मुद्रण के लिये शासकीय मुद्रणालय भेजने की व्यवस्था भी ऑनलाइन प्रारंभ की है । इस व्यवस्था से न केवल समय एवं ईंधन की बचत होगी बल्कि हजारों घंटे मानवीय श्रम की भी बचत होगी । आप सभी माननीय सदस्यों ने इस व्यवस्था में सहयोग किया और रूचि ली, उसके लिए मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ । प्रश्नों के उत्तर ऑनलाइन जमा करने में शासन के विभागों ने भी सहयोग दिया । इस प्रक्रिया में मुख्य सचिव सहित संसदीय कार्य विभाग एवं एन.

आई.सी. के अधिकारियों का जो सहयोग रहा उसके लिए मैं उनकी प्रशंसा करता हूँ । साथ ही विधान सभा सचिवालय के जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस ऑनलाइन प्रक्रिया का साफ्टवेयर तैयार करने में सहयोग दिया उनकी भी मैं प्रशंसा करता हूँ।

आज इस सभा में **वर्ष 2021** के लिये उत्कृष्ट विधायक के रूप में पक्ष से माननीय **श्री संतराम नेताम** एवं प्रतिपक्ष से माननीय **श्री अजय चन्द्राकर** तथा उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार पुरस्कार के लिये **श्री यशवंत धोटे, दैनिक नव प्रदेश** एवं उत्कृष्ट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संसदीय पत्रकार के लिये **श्री जुल्फीकार अली, हिन्दी खबर** कैमरामेन **श्री शशिकांत वर्मा, हिन्दी खबर** चयनित हुए हैं, की घोषणा हुई हैं । मैं आप सभी को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं और उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

सत्र समापन के इस अवसर पर सदन के नेता माननीय मुख्यमंत्री **श्री भूपेश बघेल जी**, माननीय नेता प्रतिपक्ष **श्री धरमलाल कौशिक जी**, माननीय संसदीय कार्य मंत्री **श्री रविन्द्र चौबे जी**, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नेता माननीय **श्री धर्मजीत सिंह जी**, बहुजन समाज पार्टी विधायक दल के नेता माननीय **श्री केशव चन्द्रा जी** सहित पक्ष–प्रतिपक्ष के सभी माननीय सदस्यगणों के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। आप सभी के समन्वित प्रयास से इस सदन का निर्बाध संचालन संभव हो पाया।

इस अवसर पर मैं उपाध्यक्ष जी सहित सभापति तालिका के माननीय सदस्यों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने सभा की कार्यवाही के संचालन में मुझे सहयोग दिया।

मैं प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सम्माननीय पत्रकार साथियों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने सदन की कार्यवाही को प्रचार माध्यमों में प्रमुखता से स्थान देकर प्रदेश की जनता को सभा में सम्पादित कार्यवाही से अवगत कराया। **छत्तीसगढ़ दूरदर्शन, आकाशवाणी** एवं अन्य मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूॅ, जिन्होने **माननीय राज्यपाल महोदया जी के अभिभाषण, माननीय मुख्यमंत्री जी** द्वारा प्रस्तुत **बजट भाषण** का तथा प्रश्नकाल का जीवंत प्रसारण किया।

सत्र की पूर्णता के अवसर पर राज्य शासन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देता हूँ सुरक्षा व्यवस्था में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी बधाई देता हूँ, जिन्होंने सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था पूरे सत्र में कायम रखी।

मैं **विधानसभा** के **प्रमुख सचिव** सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी प्रशंसा करता हूँ जिन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण कुशलता एवं निष्ठा के साथ किया।

सत्र समापन के अवसर पर आगामी सत्र की संभावित तिथि घोषित की जाती है। आगामी सत्र जुलाई माह के द्वितीय सप्ताह में संभावित है।

हम सब छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कृत संकल्पित हों, इन्हीं भावनाओं के साथ ।

**धन्यवाद**

**जय हिन्द, जय छत्तीसगढ़**